>

Title: Need to provide rehabilitation package to the people affected by West Bengal Mineral Development and Trading Corporation Limited.

**श्री बंस गोपाल चौधरी (आसनसोल):** सभापति महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर यहां चर्चा करना चाहता हूं। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की तरफ से पश्चिम बंगाल के इचापुर कोल ब्लाक से वेस्ट बंगाल मिनरल डेवलपमैंट एंड ट्रेडिंग कार्पोरेशन को कोयला उठाने की अनुमति दी गई है। पश्चिम बंगाल सरकार से लाइसेंस लेने के बाद वेस्ट बंगाल मिनरल डेवलपमैंट एंड ट्रेडिंग कार्पोरेशन ने किसी दूसरी कम्पनी को कोयला उठाने का काम दे दिया है। मेरा कहना है कि यह सिर्फ पश्चिम बंगाल की ही बात नहीं है। पूरे देश में रिहैबिलिटेशन पैकेज देने के लिए कोयला मंत्रालय की तरफ से कोई काम नहीं किया गया है। इचापुर कोल ब्लाक में 12 से 14 गांवों को उजाड़ दिया जायेगा, जबकि वहां ज्यादातर शैड्यूल्ड ट्राइब्स, आदिवासी लोग हैं। वहां तफसीली जाति के शैड्यूल्ड कास्ट के लोग हैं। इस कारण वहां कोई रोड कनैक्शन नहीं है, पीने के पानी की काफी दिक्कत है और बच्चों को स्कूल जाने के लिए कोई रास्ता नहीं मिल रहा है।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मेरा कहना है कि कोयला मंत्रालय की तरफ से रिहैबिलिटेशन पैकेज देने के लिए चर्चा होनी जरूरी है और उनकी जो मांग है, ...(व्यवधान) उस पर कोयला मंत्रालय जरूर ध्यान दें।

MR. CHAIRMAN:

Shri Prabodh Panda is allowed to associate himself with the matter raised by Shri Bansa Gopal Chowdhury.